दिनांक–21.03.2024 समय–7.10एएम

प्रादेषिक समाचार
आकाशवाणी, भोपाल
प्रातःकालीन समाचार

मुख्य समाचार :–

- प्रदेश में लोकसभा चुनावों की अधिसूचना जारी होते ही पहले दिन 3 उम्मीदवारों ने दाखिल किये 6 नामांकन पत्र।
- रिज़र्व बैंक ने सभी बैंकों को रविवार 31 मार्च को अपनी सभी शाखाएँ खुली रखने को कहा।
- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि भारत में है लोकतंत्र की एक प्राचीन और अखंड संस्कृति।
- इंदौर में 30 मार्च को रंग पंचमी पर आचार संहिता का पालन करते हुए निकाली जायेगी परंपरागत गेर।

लोकसभा नामांकन

लोकसभा चुनावों के पहले चरण के लिये अधिसूचना जारी होते ही कल से नामांकन पत्र दाखिल करने की प्रक्रिया भी प्रारंभ हो गई है। प्रदेश में पहले दिन 3 उम्मीदवारों ने 6 नामांकन पत्र दाखिल किये है। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन ने बताया कि नाम निर्देशन प्रक्रिया के पहले दिन लोकसभा संसदीय क्षेत्र सीधी में भाजपा के डॉ. राजेश कुमार मिश्रा सहित 2 उम्मीदवारों ने 5 नामांकन पत्र एवं लोकसभा संसदीय क्षेत्र शहडोल में भाजपा उम्मीदवार हिमाद्री सिंह द्वारा नामांकन पत्र दाखिल किया गया है। प्रथम चरण के शेष चार लोकसभा संसदीय क्षेत्र जबलपुर, मंडला, बालाघाट और छिन्दवाड़ा में किसी भी उम्मीदवार द्वारा नामांकन पत्र दाखिल नहीं किया गया। पहले चरण के लिये नामांकन पत्र दाखिल करने की अंतिम तिथि 27 मार्च है। नामांकन पत्रों की जांच 28 मार्च को की जाएगी जबकि प्रत्याशी 30 मार्च तक अपने नाम वापस ले सकेंगे। पहले चरण के लिए 19 अप्रैल को मतदान होगा।

बैंक–31 मार्च

रिज़र्व बैंक ने सभी बैंकों को परामर्श जारी किया है कि वे रविवार, 31 मार्च को अपनी सभी शाखाएँ खुली रखें। यह परामर्श सरकारी प्राप्तियों और भुगतानों से संबंधित सभी बैंकों को 31 मार्च को लेनदेन के लिए खुला रखने के अनुरोध के बाद आया है। जिससे प्राप्तियों और भुगतानों से संबंधित सभी सरकारी लेनदेन का हिसाब–किताब चालू वित्त वर्ष में ही किया जा सके।

मतदाता जागरूकता

प्रदेश में विधानसभा चुनावों की तर्ज पर लोकसभा चुनाव मे भी अधिक से अधिक मतदान सुनिश्चित करने के लिए व्यापक प्रयास किये जा रहे हैं। खण्डवा में लोकसभा निर्वाचन को सुचारू रूप से सम्पन्न करने के लिए नियुक्त अतिरिक्त मतदान दलों का प्रशिक्षण 22 मार्च को आयोजित किया जायेगा। वहीं, ग्राम पंचायत मोरधड़ी की महिलाओं द्वारा मतदान करने का संकल्प लिया तथा आने वाले लोकसभा निर्वाचन में मतदान करने की शपथ ली। कटनी में उपलब्ध ईव्हीएम एवं व्हीव्हीपीएटी मशीनों का प्रथम रेण्डमाईजेशन आज आयोजित किया गया है। सतना जिले में मतदाता जागरूकता के लिए चित्रकूट, रैगांव, सतना और रामपुर बघेलान विधानसभा के लिये कुल 4 प्रचार वाहन प्राप्त हुये हैं। जिनमें फिलहाल प्राप्त 2 प्रचार रथों को रैगांव एवं चित्रकूट विधानसभा क्षेत्र में रवाना किया गया है। पन्ना में ईव्हीएम एवं व्हीव्हीपीएटी का प्रथम रेण्डमाईजेशन कल कलेक्टर कार्यालय में किया जाएगा। रायसेन जिले में स्वामी विवेकानन्द कॉलेज में नव नियुक्त पटवारियों एवं कॉलेज के विद्यार्थियों ने मतदाता जागरूकता का संदेश दिया। मुरैना में भी लोकसभा चुनाव के दौरान अधिक से अधिक मतदान कराने के लिये मतदाता जागरूकता रथ को रवाना किया गया है।

भाजपा–एनआरआई मीट

प्रदेश भारतीय जनता पार्टी के विदेश विभाग द्वारा "MP Beyond Boundaries, NRIs Virtual Interactive Meet" का आयोजन किया गया। भाजपा संसदीय दल के सचिव व सतना सांसद गणेश सिंह और मंदसौर सांसद सुधीर गुप्ता, भाजपा विदेश विभाग के राष्ट्रीय प्रभारी डॉ. विजय चौथाईवाले के साथ 35 से अधिक देशों के एनआरआई भी इस वर्चुअल मीट में शामिल हुए। वर्चुअल मीट को संबोधित करते हुए सांसद गणेश सिंह ने कहा कि नरेंद्र मोदी के प्रधानमंत्री बनने के बाद पिछले दस वर्ष में देश ने विभिन्न् क्षेत्रों में जिस तरह से तरक्की की है, उसकी चर्चा दुनिया भर में हो रही है।

## इंटरनेशनल सस्टेनेबिलिटी कॉन्क्लेव

दो दिवसीय इंटरनेशनल सस्टेनेबिलिटी कॉन्क्लेव कल नई दिल्ली में शुरू हुआ। पर्यावरण मंत्रालय में निदेशक सत्येन्द्र कुमार ने कॉन्क्लेव में कहा कि उपभोक्ताओं और उत्पादकों के बीच परस्पर संबंध राष्ट्र के सतत विकास लक्ष्यों को निर्धारित करते हैं। श्री कुमार ने कहा कि उपभोक्ताओं और उत्पादकों दोनों को अपनी पसंद के प्रति सचेत रहना चाहिए। उन्होंने कंपनियों से उपभोक्ताओं को यथासंभव पर्यावरण–अनुकूल विकल्प देने का आग्रह किया।

## मीडिया मतदान

भारत निर्वाचन आयोग द्वारा अब मतदान दिवस के कवरेज में शामिल प्राधिकृत पत्रकारों को भी पोस्टल बैलेट से वोट डालने की सुविधा प्रदान की गई है। आयोग ने गत दिवस अधिसूचना जारी कर पत्रकारों के कार्य को अत्यावश्यक सेवा श्रेणी में स्थान देकर यह सुविधा प्रदान की है। यह सुविधा केवल उन पत्रकारों को मिलेगी, जिन्हें निर्वाचन कार्य के कवरेज हेतु भारत निर्वाचन आयोग द्वारा प्राधिकार पत्र जारी किया गया हो।

## प्रधानमंत्री –लोकतंत्र शिखर सम्मेलन

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि भारत में लोकतंत्र की एक प्राचीन और अखंड संस्कृति है। दक्षिण कोरिया के सियोल में आयोजित लोकतंत्र शिखर सम्मेलन को वर्चुअली संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि सर्वसम्मति, खुली बातचीत और स्वतंत्र चर्चा भारत की पहचान रही है। श्री मोदी ने कहा कि अब से कुछ ही सप्ताह में भारत लोकतंत्र के सबसे बड़े उत्सव का गवाह बनेगा। उन्होंने कहा कि एक अरब मतदाताओं के मतदान करने के साथ, यह मानव इतिहास में सबसे बड़ा चुनावी अभ्यास होगा। उन्होंने कहा कि भारत के लोग एक बार फिर लोकतंत्र में अपना विश्वास जताएंगे। वहीं, प्रधानमंत्री की आज से शुरू होने वाली दो दिवसीय भूटान यात्रा खराब मौसम के कारण स्थगित की गई।

## इंदौर गेर

इंदौर में 30 मार्च को रंग पंचमी का पर्व परम्परागत रूप से मनाया जाएगा। इस दिन शहर के निर्धारित मार्गों से रंगारंग गेर भी निकाली जायेगी। पूरा शहर रंगों से सराबोर रहेगा। गेर में हुडदंग करने वालों के विरूद्ध सख्त कार्यवाही की जाएगी। गेर में आदर्श आचार संहिता का पालन भी करना होगा। इसके तहत किसी भी राजनैतिक दलों के चिन्ह, बैनर, पोस्टर आदि का प्रर्दशन नहीं किया जा सकेगा। यह जानकारी कलेक्टर कार्यालय में गेर की व्यवस्थाओं को लेकर आयोजकों के साथ जिला प्रशासन और पुलिस अधिकारियों की सम्पन्न हुई संयुक्त बैठक में कल दी गई।

## फड़के संगीत समारोह–धार

राजा भोज की नगरी धार में संगीतकार, मूर्तिकार पद्मश्री फड़के के कला अवदान को समर्पित तीन दिवसीय पद्मश्री फड़के संगीत समारोह का आयोजन भोज शोध संस्थान द्वारा किया जा रहा है। भोज शोध संस्थान के निदेशक डॉ दीपेंद्र शर्मा ने बताया कि समारोह का उदघाटन आज शाम लालबाग स्थित विक्रम ज्ञान मंदिर सभागृह में होगा। पहले दिन दिल्ली के अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त संतूर वादक डॉ बिपुल रॉय का संतूर वादन होगा। डॉ बिपुल रॉय को 9 वां पदमश्री फड़के कला सम्मान भीं प्रदान किया जाएगा। दूसरे दिन पंडित गौतम काले का गायन होगा। तीसरे और अंतिम दिन मुम्बई की प्रसिद्ध कत्थक नृत्यांगना टीना तांबे का नृत्य होगा।

## राष्ट्रीय पैराकैनो चैम्पियनशिप

17वीं राष्ट्रीय पैराकैनो चैम्पियनशिप का आयोजन राजधानी भोपाल की छोटी झील में 18 से 20 मार्च तक किया गया, जिसमें मप्र खेल अकादमी के खिलाड़ियों ने तीन स्वर्ण समेत कुल पांच पदक अर्जित किये। प्राची यादव ने दो स्वर्ण, मनीष कौरव ने एक स्वर्ण और रजनी झा ने एक रजत और एक कांस्य पदक अर्जित किया। प्राची यादव, रजनी झा और मनीष कौरव 18 से 21 अप्रैल तक जापान में आयोजित एशियन पैराकेनो चैम्पियनशिप में भारतीय टीम का प्रतिनिधित्व करेंगे।

स्विस ओपन बैडमिंटन

स्विस ओपन सुपर थ्री हंड्रैड बैडमिंटन टूर्नामेंट में भारत के किरण जॉर्ज पुरूष सिंगल्स के प्री–क्वार्टर फाइनल में पहुंच गए। पुरूष सिंगल्स के एक अन्य मैच में प्रियांशु राजावत ने भी प्री–क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया। इससे पहले मिक्स्ड डबल्स में भारतीय जोड़ी सतीश कुमार करुणाकरण और आदया वरियाथ ने प्री–क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। पूर्व चैम्पियन किदांबी श्रीकांत, लक्ष्य सेन और पीवी सिंधु भी अपने अपने मैच जीत चुके हैं।

समाचार संक्षेप में .....

- आगरमालवा जिला चिकित्सालय अस्पताल के समस्त स्टाफ व मरीजों के परिजनों को विश्व मुख स्वास्थ्य दिवस पर मुख की स्वच्छता एवं स्वास्थ्य पर जन जागरूकता की शपथ दिलाई गई।
- शिवपुरी जिले में होली और ईद के त्योहारों को देखते हुए कलेक्टर कार्यालय में शांति एवं सद्भावना समिति की बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में कलेक्टर ने सभी से लोकसभा निर्वाचन की आचार संहिता को ध्यान में रखते हुए शांतिपूर्ण तरीके से त्योहार मनाने की अपील की।
- छतरपुर में ऑटोमैटिक रोड स्वीपिंग मशीन का कल ऑन रोड ट्रायल किया गया। कलेक्टर संदीप जी.आर. ने पन्ना नाके पर स्वच्छता कार्य का निरीक्षण किया।
- नीमच में अवैध मदिरा के निर्माण,विक्रय एवं संग्रहण के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत सघन तलाशी की जा रही है।
- मुरैना में नदी में डूबे बच्चों की मौत के मामले में प्रशासन ने शिक्षा विभाग के क्षेत्रीय जनशिक्षक को निलंबित कर दिया है।
- मध्यप्रदेश एटीएस ने खरगोन जिले के गोगांवा थाना क्षेत्र के सिग्नूर में चल रही अवैध आर्म्स फैक्ट्री पर का खुलासा किया है।
- फिल्म अभिनेत्री सुष्मिता सेन कल इंदौर आईं। उन्होंने यहां पर फिक्की फ्लो प्रोग्राम में हिस्सा लिया और महिला सशक्तिकरण, पर्यावरण, फिल्म, तकनीक जैसे कई विषयों पर चर्चा की।

——————————————